भा.वा.अ.शि.प-वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान में "कंठस्थ अनुवाद टूल" पर आयोजित हिन्दी प्रशिक्षण का रिपोर्ट

26.11.2024

भा.वा.अ.शि.प-वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर में राजभाषा के कार्यान्वयन में प्रगति पाने एवं हिंदी के प्रति कर्मचारियों की रूची बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 26 नवंबर 2024 **"कंठस्थ अनुवाद टूल"** पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। श्रीमती के. शांति, मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य ने इस प्रशिक्षण में सभी का स्वागत किया। संस्थान के विभिन्न विभागों से करीब 25 कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण में भाग लिया। श्रीमती पूंगोदै कृष्णन, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने **"कंठस्थ अनुवाद टूल"** पर सभी को विस्तार से समझाया। उन्होने कहा कि कंठस्थ एक ऐसा अनुवाद टूल है जिसे राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा एक स्मृति आधारित अनुवाद उपकरण की तरह विकसित किया गया है जो अनुवाद कार्य को सरल बना देता है। उसके बाद कर्मचारियों ने कंठस्थ अनुवाद टूल में अपना पंजीकरण कराया और कंठस्थ टूल को प्रयोग करते समय आने वाले समस्याएं एवं समाधान पर चर्चा की गई। अंत में श्रीमती आर.जी.अनीता, तकनीकी अधिकारी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य ने धन्यवाद प्रस्ताव कर इस कार्यक्रम का समापन किया।

प्रशिक्षण के कुछ चित्र



भा.वा.अ.शि.प - व.आ.वृ.प्र.सं
ICFRE - IFGTB